# Swadesh Conclave 2023: बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और नई सोच के साथ भारत वर्ष 2047 में नंबर-1 इकोनॉमी बनेगा- SP.Singh Baghel

*Swadesh Conclave 2023: स्वास्थ्य राज्य मंत्री एवं सांसद एसपी सिंह बघेल ने मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि मैं गांव का रहने वाला हूं।लोअर मिडल क्लास के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार ने कई योजनाओं की शुरुआत की।*

By - August 21, 2023



*Swadesh Conclave 2023 LIVE UPDATES: सांसद SP Singh Baghel ने कई Influencers को किया सम्मानित*

**Swadesh Conclave 2023:** प्रतिष्ठित वार्षिक स्वदेश कॉन्क्लेव- इन्फ्लूयेंशल इंडिया का भव्य आयोजन नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सोमवार को किया गया।इस कॉन्क्लेव का आयोजन बालाजी फाउंडेशन, एपीएन न्यूज़ और इंडिया लीगल की ओर से किया जा रहा है। दैनिक जागरण कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर है।स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के दूसरे सत्र को सांसद स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने संबोधित किया।

उन्होंने सत्र आयोजन के लिए प्रदीप राय एवं राजश्री राय को शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री एवं सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा कि चंद्रयान को हमारी सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि जब भी मैं अपने लोकसभा क्षेत्र में जाता हूं, अचानक कोई महिला भागती हुई आती है और सरसों के तेल में दीपक के तेल में भीगाकर आरती करती है।उनके मन में हमारी सरकार के प्रति स्नेह देखा।

महिलाओं को सम्मान मिला।सरकार ने संवेदनशील होकर उनके सम्मान में काम किया।उन्होंने अपने जीवन के कुछ महत्वपूर्ण अनुभव इन्फ्लूयेंसर्स के साथ साझा किए।उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को बताना चाहूंगा, वर्ष 2047 में आजादी के 100 साल मना रहे होंगे, तब शायद साथ न रहूं। भारत नंबर एक इकोनॉमी रहेगा, तब हमारा देश विश्व गुरु होगा।इस मौके पर उन्होंने कई इन्फ्लूयेंसर्स को बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किया।

*Swadesh Conclave 2023:*

# Swadesh Conclave 2023: गरीब कल्याणकारी योजना पर फोकस

**Swadesh Conclave 2023:** स्वास्थ्य राज्य मंत्री एवं सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा मुंशी प्रेमचंद की पूस की रात की कहानी का जिक्र करते हुए कहा कि जिसने इस कहानी का मर्म समझा वही काफी नहीं बल्कि दर्द वही समझ सकते हैं जिन्होंने पूस की रात गुजारी हो। गरीब कल्याणकारी योजना पर फोकस किया।हमारी माताएं खुले में शौच पर जातीं थीं।ऐसे में महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ होता था।

इस संवेदनशील मसले पर किसी प्रधानमंत्री ने ध्यान ही नहीं दिया।पीएम मोदी ने देशभर में करीब 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया। 9 करोड़ **लोगों** को गैस सिलेंडर देने का काम किया। 55 करोड़ सुबह तक जीरो बैलेंस में खाता खोला। डाइरेक्ट बेनिफेट ट्रांसफर बेहतर रहा। 1500 रुपये विधवा और दिव्यांगों को पेंशन देते हैं।इस दौरान कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।पीएम किसान सम्माननिधि समेत कई योजनाओं के बारे में बताया।

**Swadesh Conclave 2023:साल 2014 के बाद AIIMS की संख्या 22 पहुंची**

**Swadesh Conclave 2023**: स्वास्थ्य राज्य मंत्री एवं सांसद एसपी सिंह बघेल ने मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि मैं गांव का रहने वाला हूं। लोअर मिडल क्लास के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार ने कई योजनाओं की शुरुआत की।आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को लागू कर हर वर्ग के कल्याण पर जोर दिया।सदी की सबसे बड़ी योजना।45 करोड़ लोग इसका लाभ उठा चुके हैं।
कई अस्पताल इंपैनेल्ड हो चुके हैं।1.61 लाख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। विशेषज्ञ नहीं होने पर जिला और बाद में मेडिकल कॉलेज मरीज को भेज दिया जाएगा। 2014 से पूर्व देश में 7 एम्स थे जोकि अब बढ़कर 22 एम्स हुए। 1015 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो और चेचक मुक्त भारत आज हो गया है।

**Swadesh Conclave 2023:** कैंसर के बढ़ते मरीजों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रशासन का काम इसकी रोकथाम पर जोर देना है। प्रधानमंत्री 6998 जन औषधि केंद्रों पर 50 से लेकर 90 फीसदी कम दाम में मिलती है।इसीलिए सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जन औषधि केंद्र पर लोगों को जाने के लिए प्रेरित करें।उन्हें इसके लिए जागरुक करें, उनका भ्रम दूर करें।9 साल में 700 मेडिकल कॉलेज, एमबीबीएस में 109 फीसदी सीटें बढ़ाईं, 325 डेंटल कॉलेज हो चुके हैं।मेडिकल छात्रों को बेहतर प्लेटफॉर्म मुहैया करवाया गया है।

**संबंधित खबरें**

- Swadesh Conclave 2022: स्वदेश कार्यक्रम में शहनवाज हुसैन का बड़ा बयान, कहा- इस कार्यक्रम में बिहार की ब्रांडिंग करने आया हूं...
- Swadesh Conclave 2022 Photo Gallery: तस्वीरों में देखें स्वदेश कॉनक्लेव 2022 की झलकियां...